ग्वालियर | मंगलवार | 7 अप्रैल 2026 | वर्ष 31 | अंक 231 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 इस बार का जनसमर्थन अभूतपूर्व है : पीएम


6 5 दशक बाद फिर चंद्र अभियान प्रारंभ



7 महीने में जुड़े 8 लाख पीएनजी कनेक्शन


10 सीजन की मजबूत शुरुआत पर भारतीय शूटर्स की नजरें

# 'राष्ट्र प्रथम' का संकल्प

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## भाजपा ने मनाया 47वां स्थापना दिवस


**नई दिल्ली, 06 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया.**

पार्टी अध्यक्ष नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प को दोहराया और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है.

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है.

उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया. आज भाजपा हर चुनौती के लिए तैयार है. स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा नेताओं ने संगठन की विचारधारा, कार्यकर्ताओं की भूमिका और विकसित भारत के लक्ष्य को दोहराते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट की. पार्टी ने एक बार फिर राष्ट्र प्रथम को अपनी मूल भावना बताया. भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी, लेकिन इसकी नींव 1951 में बने भारतीय जनसंघ के दौरान पड़ी. इसकी स्थापना श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय ने की थी.

### राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है बीजेपी : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है. उन्होंने कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति और मूल्यों के पुनर्स्थापना के लिए निरंतर कार्य कर रही है.

**1980 में हुई भाजपा की स्थापना**

ज्ञात रहे कि छह अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी, जो भारतीय जनसंघ की वैचारिक विरासत से आगे बढ़ी. आज भाजपा देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में शामिल है और केंद्र समेत कई राज्यों में सरकार चला रही है.

# कार ट्रक में घुसने से 4 युवकों की मौत

## ओवरटेक के बाद अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुआ एक्सीडेंट






नव भारत न्यूज

**इंदौर, 06 अप्रैल. शादी समारोह से लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी, जिससे चार युवकों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए. हादसा देर रात हुआ और टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए.**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी ने बताया कि ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है और हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. घटना इंदौर के देवगुराडिया ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास सोमवार सुबह हुई।

बारात से लौट रही कार नंबर एमपी 35 डी 0363 आगे चल रहे आयशर ट्रक नंबर एमपी 41 जीए 0949 में जा घुसी. बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने ओवरटेक करने के बाद अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे चल रही कार का चालक नियंत्रण खो बैठा. हादसे में 24 वर्षीय इरफान, 20 वर्षीय आरिस और 19 वर्षीय फरहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 वर्षीय अरफाद ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए.

## एक नजर में



### केदारनाथ हेली सेवा के लिए ऑनलाइन होगी टिकट बुकिंग

**देहरादून, 06 अप्रैल.** उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने घोषणा की है कि केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा की बुकिंग 10 से 12 अप्रैल के बीच शुरू कर दी जाएगी. यूकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि इस बार यात्रा को सुरक्षित, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए कई बड़े बदलाव किए गए हैं. टिकटों की कालाबाजारी और धोखाधड़ी को रोकने के लिए यूकाडा ने इस बार 100 प्रतिशत ऑनलाइन टिकटिंग का निर्णय लिया है. पिछली बार की तरह इस बार भी बुकिंग का जिम्मा आईआरसीटीसी के पास ही रहेगा.

# एनसीपी नेता की हत्या के मामले में जोगी को उम्रकैद



**रायपुर, 06 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की हत्या मामले में पूर्व सीएम अजीत जोगी के पुत्र और पूर्व विधायक अमित जोगी को उम्रकैद सुनाई है. जग्गी की हत्या 2003 में हुई थी. मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की पीठ ने दो अप्रैल के अपने आदेश में निचली अदालत द्वारा 2007 में दिए फैसले को रद्द कर दिया. सुनवाई अदालत ने अमित जोगी को बरी कर दिया था.

हाईकोर्ट ने सुनवाई अदालत के फैसले को 'स्पष्ट रूप से गैर कानूनी, गलत और रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के विपरीत माना. हाईकोर्ट ने अमित जोगी को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के और धारा 120-बी के तहत दोषी ठहराया. इसके अलावा हाईकोर्ट ने जोगी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. जुर्माना नहीं भरने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है.

## विधायक संजय पाठक अपराधिक अवमानना मामले में तलब

**जबलपुर, 06 अप्रैल.** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए भाजपा विधायक संजय पाठक को तलब किया है. युगलपीठ ने हलफनामा को रिकॉर्ड में लेते हुए नोटिस जारी कर भाजपा विधायक को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है. जबकि आपराधिक अवमानना की सुनवाई के दौरान विधायक संजय पाठक की तरफ से हलफनामा पेश करते हुए अपनी गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगी.

# बंगाल के मुख्य सचिव व डीजीपी को सुको की फटकार

- मालदा हिंसा मामले में कोर्ट ने दिखाई सख्ती
- कहा- हमले वाले दिन फोन क्यों नहीं उठाया



**नई दिल्ली, 06 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने मालदा हिंसा मामले में बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को फटकार लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा, यह आपकी और आपके प्रशासन की सरासर नाकामी है.**

सुप्रीम कोर्ट की यह फटकार पिछले हफ्ते मालदा में चुनाव अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन न उठाने के लिए मिली. अधिकारी ने जब अपने बचाव में सुप्रीम कोर्ट में जवाब दिया कि वह फ्लाइट में थे और उन्हें कोई फोन नहीं आया, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर उन्होंने अपना नंबर शेयर किया होता, तो उन्हें शाम को फोन मिल जाता. सुप्रीम कोर्ट में जब अधिकारी ने माफी मांगी और उनके वकील सफाई देने लगे, तो नाराज जज ने कहा, उनका बचाव मत करो.

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने बंधक बनाए जाने की घटना पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की रिपोर्ट का अध्ययन किया और कहा कि अब यह मामला केंद्रीय एजेंसी पूरी तरह से स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले लेगी.

### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए सुको सख्त

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं. न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है. लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी. न्यायालय ने इस याचिका पर केंद्र से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है.

# अतिवादी ताकतों से मजबूती से निपटें : सीएम

- एनएसजी भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच
- सीएम ने एनएसजी-शो में की सहभागिता



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवादी ताकतें देश के विकास में बड़ी बाधक हैं. हमें ऐसी ताकतों से पूरी मजबूती से निपटना होगा. उन्होंने कहा कि नेशनल सिक्युरिटी गार्ड भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है. एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है.**

देश में बीते काल में हुई किसी भी प्रकार की अतिवादी, अप्रिय घटनाओं एवं असामान्य परिस्थितियों में एनएसजी गार्ड की पूरी मुस्तैदी से मौजूदगी ने हमें यह एहसास कराया है कि एनएसजी है तो हम हर हाल में सुरक्षित हैं. एनएसजी देश की सीमा के भीतर नागरिक सुरक्षा की पक्की गारंटी की तरह है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी-शो में सहभागिता कर एनएसजी द्वारा मप्र पुलिस के जवानों के लिए आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के साझा कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी शो देखा और कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की.

शो के दौरान एनएसजी जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का रीयलस्टिक सीन क्रिएट कर इस तरह के अटैक्स को काउंटर कर पूरी क्षमता से निपटने के लिए एनएसजी द्वारा अपनाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया एवं कार्यवाही का सजीव प्रदर्शन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शो पुरुषार्थ और साहस से पराक्रम की पराकाष्ठा के प्रदर्शन का परिचायक है. इस प्रशिक्षण प्रदर्शन में (शेष पेज 2 पर)

## गुस्ताखी माफ




# 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा

## मृतकों के परिजन को 1.40 करोड़ मुआवजा दें : मदुरै कोर्ट

**चेन्नई, 06 अप्रैल. तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई. कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया. कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है.**

कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा. यह मामला 2020 का है. छह साल तक सुनवाई चली. इस मामले में कुल 10 आरोपी थे. एक की कोविड के दौरान मौत हो गई. दरअसल, 19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था. आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी. दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया. वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई. परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई. उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे.

### सीबीआई जांच में हिरासत में पिटाई की पुष्टि हुई

मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य की सीआईडी से लेकर सीबीआई को सौंपी गई थी. एजेंसी ने एक इंस्पेक्टर, दो सब-इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मियों समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था. जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल ने बयान दिया कि पिता-पुत्र को पूरी रात पीटा गया था. थाने में टेबल और लाठियों पर खून के निशान थे. यह गवाही मामले में अहम सबूत बनी.

# बैरियर तोड़ दिल्ली विधानसभा में घुसी कार

- स्पीकर की गाड़ी के पास मिला संदिग्ध गुलदस्ता
- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कार की बरामद



**नई दिल्ली, 06 अप्रैल. दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक की घटना सामने आई है. बैरियर तोड़कर गाड़ी विधानसभा के गेट नंबर 2 से गाड़ी अंदर घुस गई. यही नहीं अज्ञात गाड़ी विधानसभा से भागने में कामयाब भी रही. बाद में दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने कार भी बरामद कर ली है.**

विधानसभा ऑफिस ने बताया कि दोपहर में 2.0 बजे वीआईपी गेट की तरफ से एक गाड़ी बैरियर तोड़कर अंदर घुसी और विधानसभा स्पीकर की गाड़ी के पास फूलों का गुलदस्ता और कुछ कागज रखे. इसके बाद गाड़ी वापस उसी गेट से रवाना हो गई. बताया जा रहा है कि कार उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली थी, जो गेट नंबर 2 से जबरन अंदर घुस गई. इस दौरान लोहे का गेट तोड़ दिया.

बता दें कि इससे पहले संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था. 13 दिसंबर, 2023 का मामला है, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था. यह घटना ठीक उसी दिन हुई थी, जब देश 2001 के संसद हमले की बरसी मना रहा था.

### सुरक्षा को लेकर उठे गंभीर सवाल

दिल्ली विधानसभा जैसी संवेदनशील जगह पर एक बाहरी वाहन का बैरियर तोड़कर पोर्च तक पहुंच जाना सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी लापरवाही माना जा रहा है. अधिकारियों ने इसे पोटेंशियल सिक्योरिटी ब्रीच (संभावित सुरक्षा उल्लंघन) करार दिया है. फोरेंसिक टीम कार के भीतर से साक्ष्य जुटाने में लगी है, जिससे किसी भी तरह के संदिग्ध सामान की मौजूदगी का पता लगाया जा सके.

**जंग** | यूएस-इजराइल और ईरान के बीच जंग का 38वां दिन

# 45 दिनों के संभावित संघर्ष-विराम की शर्तों पर चर्चा



**मास्को, 06 अप्रैल (स्पूतनिक/वार्ता) यूएस-इजराइल और ईरान के बीच पिछले 38 दिनों से जंग जारी है.**

अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ संघर्ष को सुलझाने के लिए बनाई गई दो-चरणों वाली योजना के पहले चरण के तौर पर 45 दिनों के संभावित युद्धविराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं. अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया गया कि ट्रंप प्रशासन ने ईरान के सामने कई प्रस्ताव रखे थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने अभी तक उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया है. सूत्रों के मुताबिक अगले 48 घंटों के भीतर दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते की संभावना कम है. बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले सोशल मीडिया पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों को मंगलवार को नष्ट करने की धमकी दी है और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है. गौरतलब है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें तेहरान भी शामिल है.

### ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर हमला

इजराइल ने ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड, साउथ पार्स पर भी फिर से हमला किया है. यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है और ईरान के लिए बहुत अहम है. इस हमले से ईरान की ऊर्जा सप्लाई और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है. इसके अलावा तेहरान के पास मौजूद तीन एयरपोर्ट्स पर भारी बमबारी की गई. इसी दौरान बुशहर में ईरान के बड़े नेवी बेस पर भी जोरदार धमाका हुआ. यहां नेवल बेस के साथ एयरफोर्स बेस, एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और ड्रोन के अंडरग्राउंड स्टोरेज मौजूद थे.

### आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख और कुद्स फोर्स कमांडर मारे गए

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि बीती रात एक सैन्य अभियान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के खुफिया प्रभाग के प्रमुख माजिद खादेमी मारे गये हैं. ईरान ने अब तक इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है. इजरायली दावे के मुताबिक, खादेमी ईरानी शासन के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में से एक थे. इसके साथ ही, इजरायल ने कुद्स फोर्स की यूनिट 840 के कमांडर असगर बाकरी को भी ढेर करने का दावा किया है. नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर लिखा है, आज रात हमने रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के खुफिया प्रभाग के प्रमुख माजिद खादेमी को खत्म कर दिया. वह ईरानी शासन के वरिष्ठ अधिकारियों में से एक था, जिसने अपने पूर्ववर्ती के खात्मे के बाद हाल ही में यह जिम्मेदारी संभाली थी.